# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 35वीं बैठक दिनाँक 28 मार्च, 2018 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 35वीं बैठक दिनाँक 28 मार्च, 2018 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 गया प्रसाद, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री जितेन्द्र सिंह, मा0 विधायक | सदस्य |
| 3. | डा0 अनीता लोधी राजपूत, मा0 विधायक | सदस्य |
| 4. | श्री राजकुमार त्यागी, कृषि उद्योगपति | सदस्य |
| 5. | श्रीमती सुषमा सिंह, सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्य |
| 6. | श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 7. | श्री सुनील अग्निहोत्री, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ (प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 8. | डा0 एस0के0 श्रीवास्तव, पशुपालन विभाग मेरठ। (निदेशक पशुपालन के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 9. | श्री प्रमोद सिरोही, (कृषि निदेशक, कृषि निदेशालय के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 10. | डा0 आर0के0 गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ (प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 11. | श्री ए0के0 सिंह, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 12. | श्री अवध नारायण, वित्त नियंत्रक | सचिव |

G. Prasad

Prof. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T.

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

2

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक द्वारा मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया।

**प्रस्ताव संख्या 35.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 34वीं बैठक दिनाँक 16 अक्टूबर, 2017 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा दिनाँक 16 अक्टूबर, 2017 को सम्पन्न 34वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 35.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 34वीं बैठक दिनाँक 16 अक्टूबर, 2017 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

अनुपालन आख्या का अवलोकन कर निम्न निर्देश दिये गयेः—

1. **विश्वविद्यालय की आवासीय कालोनी में आवासित अधिकारियों / शिक्षकों / कर्मचारियों से की जा रही आवासीय शुल्क कटौती के सम्बन्ध में।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय में आवासीय कालोनी में आवासित अधिकारियों / शिक्षकों / कर्मचारियों से प्रतिमाह वेतन से की जारी आवासीय शुल्क कटौती के सम्बन्ध में श्री जितेन्द्र सिंह, मा0 विधायक एवं डा0 अनीता लोधी राजपूत, मा0 विधायक द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर एवं फैजाबाद में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ से कम आवासीय शुल्क कटौती के बारे में पत्राचार के माध्यम से सूचना एकत्रित करने का सुझाव दिया गया कि किस आधार पर उपर्युक्त वर्णित दोनों कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ से कम कटौती की जा रही है।

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक

Prof. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

जिसके सम्बन्ध में मा0 कुलपति एवं अन्य सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक)/वित्त नियन्त्रक)

2. **डा0 अनीता लोधी राजपूत एवं श्री जितेन्द्र सिंह, मा0 विधायकगण द्वारा** विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षणैत्तर कर्मचारियों को विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर वरीयता के आधार पर प्रौन्नत करने एवं उनके द्वारा रिक्त पदों पर विज्ञापन जारी करते हुए नयी नियुक्तियां करने हेतु सुझाव दिया गया। जिसके सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा उचित कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया गया।

(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))

3. **श्री जितेन्द्र सिंह, मा0 विधायक द्वारा** विश्वविद्यालय में वर्ष 2005 के बाद कार्यरत शिक्षणैत्तर कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली नवीन पेंशन (सी0पी0एफ0) की कटौती हेतु बजट की व्यवस्था के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया। श्री जितेन्द्र सिंह, मा0 विधायक एवं डा0 अनीता लोधी राजपूत, मा0 विधायक द्वारा समिति के अन्य सदस्यों को यह भी आवश्वस्त किया गया कि सी0पी0एफ0 की बजट व्यवस्था हेतु स्वयं भी प्रयास करेंगें।

इसके अतिरिक्त श्री जितेन्द्र सिंह, मा0 विधायक द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत एन0पी0एस0 कर्मचारियों के वेतन से होने वाली सी0पी0एफ0 की कटौती को विश्वविद्यालय अपने स्तर से प्रारम्भ करते हुए कृत कार्यवाही से मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को अगली बैठक में अवगत कराये।

(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक)/वित्त नियन्त्रक)

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

Prof. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

**प्रस्ताव संख्या 35.3 : कृषि विश्वविद्यालय में परामर्श सेवाओं (Consultancy Services) की नीति निर्धारित करने हेतु परामर्श नियमों (Consultancy Ruls) के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि विश्वविद्यालय में परामर्श सेवाओं (Consultancy Services) की नीति निर्धारित करने हेतु परामर्श नियमों (Consultancy Ruls) को निश्चित करने से सम्बन्धित प्रस्ताव को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाईः—निदेशक शोध)**

**प्रस्ताव संख्या—35.4: भारत सरकार के उपक्रम Solar Energy Power Corporation of India द्वारा प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ ऊर्जा अभियान के अन्तर्गत Resco Model पर आधारित Solar Energy के लिए Grid Connected Roof Top Solor PV System को विश्वविद्यालय में स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।**

भारत सरकार के उपक्रम Solar Energy Power Corporation of India द्वारा प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ ऊर्जा अभियान के अन्तर्गत Resco Model आधारित देश के विभिन्न राज्यों में Solar Energy के लिए Grid Connected Roof Top Solor PV System को स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में Solar Energy के लिए Grid Connected Roof Top Solor PV System को विश्वविद्यालय में स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाईः—प्रभारी अधिकारी, विद्युत)**

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ—250110

G. Prasad
**Prof. Gaya Prasad**
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

**प्रस्ताव संख्या–35.5: विद्वत परिषद की 65वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विद्वत परिषद की 65वीं बैठक दिनाँक 25 जनवरी, 2018 की संस्तुतियों को अनुमोदित किया गया।

(कार्रवाईः–कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या–35.6: कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों के शिक्षक/कर्मचारियों को पेंशन व सेवानिवृत्तिक लाभ अनुमन्य करने के सम्बन्ध में।**

कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों के शिक्षक/कर्मचारियों को पेंशन व सेवानिवृत्तिक लाभ अनुमन्य करने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा उचित कार्यवाही के लिए उत्तर प्रदेश शासन से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने की अनुमति प्रदान की गयी।

(कार्रवाईः–कुलसचिव (कार्मिक)/वित्त नियन्त्रक)

**प्रस्ताव संख्या–35.7: कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत कार्यक्रम सहायकों को ई0डी0पी0 संवर्ग के अनुसार अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।**

कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्यरत कार्यक्रम सहायकों (कम्प्यूटर) को ई0डी0पी0 संवर्ग के अनुसार वेतनमान अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा उचित कार्यवाही के लिए उत्तर प्रदेश शासन से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने की अनुमति प्रदान की गयी।

(कार्रवाईः–कुलसचिव (कार्मिक)/वित्त नियन्त्रक)

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

G. Prasad
**Prof. Gaya Prasad**
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

**प्रस्ताव संख्या–35.8: विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक/कर्मचारियों को स्वैच्छिक परिवार कल्याण के अन्तर्गत अनुमन्य वैयक्तिक वेतन तथा महिला शिक्षिकाओं/कृषि विज्ञान केन्द्र की महिला वैज्ञानिक/कर्मचारियों को प्रसूति अवकाश एवं बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृत करने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक/कर्मचारियों को स्वैच्छिक परिवार कल्याण के अन्तर्गत अनुमन्य वैयक्तिक वेतन तथा महिला शिक्षिकाओं/कृषि विज्ञान केन्द्र की महिला वैज्ञानिक/कर्मचारियों को प्रसूति अवकाश एवं बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृत करने के सम्बन्ध प्रस्तुत प्रस्ताव पर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा एकमत से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्रवाई:–कुलसचिव (कार्मिक))**

**प्रस्ताव संख्या–35.9: वित्त समिति की द्वादश (12वीं) बैठक के निर्णयों का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा वित्त समिति की द्वादश (12वीं) बैठक दिनाँक 26 मार्च, 2018 की संस्तुतियों को अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाई: वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या–35.10: विद्वत परिषद की 66वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विद्वत परिषद की 66वीं बैठक दिनाँक 24 मार्च, 2018 की संस्तुतियों को अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाई: कुलसचिव)**

G. Prasad

अवधेश नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**Prof. Gaya Prasad**
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

**प्रस्ताव संख्याः 35.11 विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संविदा के आधार पर सृजित कम्प्यूटर आपरेटर कम डाटा एंट्री आपरेटरों के पदों पर कार्यरत कार्मिकों को संविदा पदों के स्थान पर नियमित वेतनमान/विनियमितिकरण/ समायोजन करने के सम्बन्ध में।**

माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर कम डाटा एंट्री आपरेटर के पदों पर कार्यरत कार्मिकों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध रिक्त पदों के सापेक्ष विनियमितिकरण/समायोजन करने से सम्बन्धित प्रस्ताव को उ0प्र0 शासन द्वारा निर्णय लेने हेतु प्रेषित किया जाये।

(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक)/वित्त नियन्त्रक)

**प्रस्ताव संख्याः 35.12 पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के लिए विश्वविद्यालय के विज्ञापन संख्या I/2017 द्वारा विज्ञापित पदों (जिनके साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है) के लिफाफे खोलकर नियुक्ति पत्र जारी करने के सम्बन्ध में।**

कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के लिए विश्वविद्यालय के विज्ञापन संख्या I/2017 द्वारा विज्ञापित पदों (जिनके साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है) के लिफाफे खोलकर आवश्यक कार्यवाही करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा एकमत से अनुमोदित किया गया। कार्मिक विभाग द्वारा प्रेषित **हस्ताक्षरित सूची निम्नवत संलग्न है:–**

(कार्रवाईः कुलसचिव (कार्मिक))

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**Prof. Gaya Prasad**
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

कार्मिक अनुभाग

# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ – 250110

पत्रांक : सवप / 2018 / का0अनु0 / 6355
दिनांक : 28.03.2018

**वित्त नियन्त्रक / सचिव**
**माननीय प्रबन्ध परिषद**

**महोदय,**

कृपया , माननीय कुलपति जी / अध्यक्ष माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में मा0 प्रबन्ध परिषद की 35 वीं बैठक दिनांक 28.03.2018 को आहूत की गयी जिसमें पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के रिक्त शैक्षिक पदो के विज्ञान संख्या I / 2017 द्वारा विज्ञापित पदो के लिफाफे साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त नियुक्ति के बन्द लिफाफे खोले गये चयनित अभ्यर्थियों की सूची संलग्नकर प्रेषित है ।

**संलग्नक** : उपरोक्तानुसार ।

28.03.18
**कुलसचिव**

माननीय प्रबन्ध परिषद की 35 वीं बैठक दिनांक 28.03.2018 को आहूत की गयी, जिसमें पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के रिक्त शैक्षिक पदों को विज्ञापन संख्या I/ 2017 द्वारा विज्ञापित पदो के लिफाफे साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त नियुक्ति के बन्द लिफाफे खोले गये , चयनित अभ्यर्थियों की सूची निम्नवत् है ।

| S. No. | Name of post & Department | Name of Selected candidate recommended by selection committee | Pay Scale & AGP (in Rs.) | Number of Post |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Professor (Medicine) (9) | Dr.Tarun Kumar Sarkar S/oNirapada Sarkar | Rs.37400-67000(AGP 10000) | 01(01GEN) |
| 2 | Associate Professor (Veterinary Medicine ) (21) | Dr.Amit Kumar Verma S/oShri Omkar Singh | Rs.37400-67000(AGP 9000) | 01(01GEN) |
| 3 | Assistant Professor (Veterinary Medicine) (29) | Dr.Vipul Thakur S/oShri Ved Prakash | Rs.15600-39100(AGP6000) | 01(01GEN) |
| 4 | Assistant Professor (Veterinary Clinical Complex) Veterinary Medicine (33b) | Dr.Jitin M.V. S/oShri M.P. Velayudhan | Rs.15600-39100(AGP6000) | 01(01GEN) |
| 5 | Assistant Professor (Livestock Farm Complex) Veterinary Medicine (34a) | Dr.Arbind Singh S/oShri Harpal Singh | Rs.15600-39100(AGP6000) | 01(01GEN) |
| 6 | Associate Professor (Surgery & Radiology) (20) | Dr.Vivak Malik S/oShri Jai Prakash Malik | Rs.37400-67000(AGP 9000) | 01(01GEN) |
| 7 | Assistant Professor(Surgery & Radiology) (28) | 1)Dr.Vineet Kumar S/o shri Rahul Prasad Singh<br><br>2)Dr.Surbhi Kuldeep Tyagi D/o Shri Virinder Gupta | Rs.15600-39100(AGP6000) | 02(02GEN) |
| 8 | Assistant Professor (Veterinary Clinical Complex)(Surgery) (33c) | Dr.Ajit Kumar Singh S/o Shri Prem Babu Verma | Rs.15600-39100(AGP6000) | 01(01OBC)) |
| 9 | Professor (Gynecology and Obstetrics) (7) | Dr.Vijay Singh S/o Shri Raghubir Singh | Rs.37400-67000(AGP 10000) | 01(01GEN) |
| 10 | Professor (Veterinary Clinical Complex) (10) | Dr.Vijay Singh S/o Shri Raghubir Singh | Rs.37400-67000(AGP 10000) | 01(01GEN) |
| 11 | Associate Professor (Gynaecology and Obstetrics) (11) | Dr.Manish Kumar Shukla S/o Shri Awadh Naryan Shukla | Rs.37400-67000(AGP 9000) | 01(01GEN) |

28/03/18

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | Associate Professor (Veterinary Clinical Complex) (24) | Dr.Bhavesh Kumar Jayantilal Trangadia S/o Shri Jayantilal ranchhodbhai Trangadia | Rs.37400-67000(AGP 9000) | 01(01GEN) |
| 13 | Assistant Professor (Gynaecology and Obstetrics ) (31) | 1)Dr.Akhil Patel S/o Ram Naresh Verma 2)Dr.Atul Kumar Verma S/o Shri Hans Raj Verma | Rs.15600-39100(AGP6000) | 02(02GEN) |
| 14 | Assistant Professor (Livestock Farm Complex) (Gynaecology) (34b) | Dr.Ashutosh Tripathi S/oShri Satya Prakash Tripathi | Rs.15600-39100(AGP6000) | 01(01GEN) |
| 15 | Associate Professor(Anatomy) (12) | Dr.Prabhakar Kumar S/o Shri Surendra Prasad | Rs.37400-67000(AGP 9000) | 01(01GEN) |
| 16 | Assistant Professor(Anatomy) (26) | 1)Dr.Aditya Kumar S/o Shri Arvind Kumar Singh 2)Dr.Dr.Mohd.Yousuf Dar S/o Shri GH Nabi Dar | Rs.15600-39100(AGP6000) | 02(02GEN) |
| 17 | Associate Professor (Livestock Products Technology) (18) | Dr. Veer Pal Singh S/o Shri Vidya Sagar Gangwar | Rs.37400-67000(AGP 9000) | 01(01GEN) |
| 18 | Assistant Professor(Livestock Products Technology) (25) | Dr Akhilesh Kumar Verma S/o Shri Uday Raj Verma | Rs.15600-39100(AGP6000) | 01(01GEN) |
| 19 | Associate Professor (Veterinary & Animal Husbandry Extension Education) (23) | Dr.Mohd.Ameer Khan S/o Shri Mohd. Siddiq Khan | Rs.37400-67000(AGP 9000) | 01(01GEN) |
| 20 | Assistant Professor(Veterinary & Animal Husbandry Extension Education) (30) | Dr.Jitendra Pratap S/o Shri Radhe Syam Verma | Rs.15600-39100(AGP6000) | 01(01GEN) |
| 21 | Professor (Pharmacology and Toxicology) (6) | Dr.Rachna Verma D/o Dr.S.K. Verma | Rs.37400-67000(AGP 10000) | 01(01GEN) |
| 22 | Associate Professor (Pharmacology and Toxicology) (19) | Dr.Rajesh Mandil S/o Shri Ramgopal Mandil | Rs.37400-67000(AGP 9000) | 01(01GEN) |
| 23 | Assistant Professor(Pharmacology and Toxicology) (27) | Dr Shweta Anand D/o Shri O.P. Azad | Rs.15600-39100(AGP6000) | 01(01GEN) |

28/03/18

**प्रस्ताव संख्या–35.13 : अन्य बिन्दुः–**
**मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव**

1. **मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मा0 प्रबन्ध परिषद की सदस्या डा0 अनीता लोधी राजपूत एवं श्री राजकुमार त्यागी** द्वारा सुझाव दिया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा किसानों को सस्ती दरों पर बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये। इस सम्बन्ध में किसानों को सस्ती दरों पर बीज उपलब्ध कराने हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा मा0 सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र कार्यवाही की जायेगी।
2. **मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्य श्री मनोहर सिंह तोमर** द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में वेटरनरी संकाय एवं कृषि संकाय के छात्र/छात्राओं के विभिन्न क्षेत्रों में हुए प्लेसमेन्ट पर विश्वविद्यालय को बधाई दी। परन्तु जैव प्रौद्योगिकी संकाय के छात्र/छात्राओं का प्लेसमेंट का स्तर बहुत कम होने के सम्बन्ध में सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट का स्तर सुधारा जाये, जिससे कि सभी संकायों के छात्र/छात्रओं को प्लेसमेंट का लाभ प्राप्त हो सके। इस सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय स्तर पर प्लेसमेन्ट की सुविधाओं में विस्तार करते हुए अधिक से अधिक छात्र/छात्रओं को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।
3. **मा0 कुलपति जी** द्वारा विश्वविद्यालय को शासन द्वारा प्रदान की जानी वाली कंटीजेन्सी के मद के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया कि कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ को वर्ष 2002 से प्रतिवर्ष रू0 75.00 लाख मात्र की धनराशि आवंटित की जा रही है, जो अपर्याप्त है। इतने वर्षों उपरांत भी कंटीजेन्सी में कोई बढ़ोतरी शासन द्वारा नही की गयी, जिसके

Prof. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. M...

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

कारण विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यों को सम्पादित कराने में काफी कठिनाई हो रही है। इस सम्बंध में मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यगण श्री जितेन्द्र सिंह एवं डा0 अनीता लोधी राजपूत, मा0 विधायकगण द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ को शासन द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान की जाने वाली कंटीजेन्सी को बढ़ाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु कहा गया तथा कृत कार्यवाही से मा. सदस्यों को भी अवगत कराने हेतु सुझाव दिया गया, जिससे कि उनके स्तर से भी प्रयास किये जा सके।

(कार्रवाई:—वित्त नियन्त्रक)

4. **मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्य श्री राजकुमार त्यागी** द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ की मा0 प्रबन्ध परिषद की बैठकों का आयोजन प्रत्येक 03 माह के अन्तर्गत किये जाने का सुझाव दिया गया, जिसका समिति के समस्त सदस्यों द्वारा भी समर्थन किया गया। इस सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि मा0 प्रबन्ध परिषद की बैठकों का आयोजन प्रत्येक 03 माह के अन्तर्गत आयोजित किये जाने हेतु यथासंभव प्रयास किया जायेगा।

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

(अवध नारायण)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

अवध नारायण
वित्त नियंत्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

अनुमोदित

(डा0 गया प्रसाद)
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद

Prof. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut